संत कबीर दास की 647वीं जयंती

स्रोत: पी.आई.बी.

22 जून, 2024 को प्रधानमंत्री ने संत कबीर दास की **647वीं जयंती मनाई**।

- **15वीं शताब्दी के भारतीय रहस्यवादी कवि और संत संत कबीर दास का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक हिंदू परिवार में हुआ था, लेकिन उनका पालन-पोषण एक मुस्लिम बुनकर दंपत्ति ने किया था।**
- वे भक्ति आंदोलन में एक उल्लेखनीय व्यक्ति थे, जिसमें **ईश्वर के प्रति समर्पण और प्रेम पर जोर दिया** गया था।
    - भक्ति आंदोलन **7वीं शताब्दी में दक्षिण भारत में शुरू हुआ** और **14वीं और 15वीं शताब्दी के दौरान उत्तर भारत** में फैल गया।
    - भक्ति आंदोलन के लोकप्रिय संत कवियों, जैसे **रामानंद और कबीर दास** ने स्थानीय भाषाओं में भक्ति गीत गाए।
- कबीर ने **रामानंद और शेख तकी** जैसे गुरुओं से आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त किया और अपने अद्वितीय दर्शन को आकार दिया।
- कबीर को **हिंदू और मुसलमान दोनों ही** पूजते हैं और **उनके अनुयायी "कबीर पंथी" के नाम से जाने** जाते हैं।
- उनकी लोकप्रिय साहित्यिक कृतियों में **कबीर बीजक (कविताएँ और छंद), कबीर परचाई, साखी ग्रंथ, आदि ग्रंथ (सिख) और कबीर ग्रंथावली (राजस्थान)** शामिल हैं।
- **ब्रजभाषा और अवधी बोलियों** में लिखी गई उनकी रचनाओं ने भारतीय साहित्य और हिंदी भाषा के विकास को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया।

//



अधकि पढ़ें: [संत कबीर दास जयंती]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/647th-birth-anniversary-of-sant-kabir-das